हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च, 2025


तापमान

अधिकतम 30.3 डिग्री

न्यूनतम 6.6 डिग्री


11 पुरानी सीवरेज समस्या से मिलेगा छुटकारा





12 मतगणना को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी




## खबर संक्षेप



हांसी। गांजा सप्लाई करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### गांजा सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**हांसी।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एंटी नारकोटिक्स सैल पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर हिसार के सैनियान मौहल्ला निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी संदीप ने गत दिनों अक्षय व घनश्याम को 1 किलो 200 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। एंटी नारकोटिक्स सैल ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले में अक्षय और घनश्याम को गांजा के साथ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### उद्घघोषित आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के मामले में फरार उद्घघोषित अपराधी कृष्णा कालोनी निवासी अशोकी उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शहर थाना में दर्ज लड़ाई-झगड़े के एक मामले में फरार चल रहा था, जिसको अदालत द्वारा उद्घघोषित आरोपी करार दिया गया था। शहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### चोरी के सामान सहित दो युवक गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने बस स्टैंड के सामने स्थित एक दुकान से सामान चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पटेल चौक के समीप बनी डेहा बस्ती निवासी नसीब व मोनू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपियों ने 5 मार्च को दिन के समय में बस स्टैंड के सामने गली में स्थित श्रुति गोयल की दुकान से प्लास्टिक व लोहा चोरी कर लिया था। शहर थाना पुलिस ने श्रुति की शिकायत पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराया गया सामान बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### हथियारों का प्रदर्शन के का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले में बालसमंद निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। एएसआई जसवंत सिंह ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड की थी। इसके बारे में 22 फरवरी 2023 को सदर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने सर्वेश अस्पताल के पास से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बरवाला के छान गांव निवासी दीपल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में सेक्टर 33 निवासी जोगिंदर सिंह ने अनाज मंडी पुलिस चौकी में 28 फरवरी को सर्वेश अस्पताल के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

## हरिकोट के पास सड़क हादसे में कार सवार 4 दोस्तों की मौत

# विदेश जाने की खुशी में पार्टी करने गए थे हिसार, वापसी में हुए हादसे का शिकार

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे, मातम


हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव हरिकोट के पास बुधवार रात हुए हादसे में चार दोस्तों की मौत ने जहां उनके परिजनों को तोड़कर रख दिया है। मृतकों में एक युवक निखिल गुरुवार को ही विदेश के लिए निकलने वाला था वहीं उसके तीन अन्य दोस्त भी पढ़कर आगे बढ़ने का सपना संजोये हुए थे लेकिन होनी को यह मंजूर नहीं था और वे रात को हादसे का शिकार हो गए। निखिल के विदेश जाने की खुशी में सभी पार्टी करने हिसार गए थे। मृतकों के शवों का गुरुवार को पोस्टमार्टम करके उनके परिजनों को सौंप दिए गए। दर्दनाक हादसे में चार युवकों की मौत से उनके गांवों में मातम का माहौल है। यह हादसा बुधवार रात को हिसार-मंगाली रोड पर हुआ है। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी पूरी पिचक गई। मृतकों में 19 वर्षीय अंकुश, 17 वर्षीय निखिल, 20 वर्षीय हितैश और 19 वर्षीय साहिल शामिल है। इनमें से दो युवक अपने परिवार के इकलौते थे। ये चारों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी कार बेकाबू हो गई और पेड़ से जा टकराई। सूचना मिलने के बाद आजाद नगर थाना प्रभारी साधुराम व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से गंभीर घायल चारों युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है हादसे के समय गाड़ी की स्पीड़ अधिक थी, जिससे ये बेकाबू हो गई। कार पेड़ के साथ इतनी जोर से टकराई कि हितेश गाड़ी से बाहर दूर गिरा। जो लोग अंदर ही फंसे रहे वो एयरबैग खुलने के बाद भी नहीं बच पाए। मंगाली सुरतिया निवासी सुनील ने बताया कि वह हिसार से बाइक पर सवार होकर अपने गांव की तरफ जा रहा था।

वह नहर के पास पहुंचा तो देखा की एक कार पेड़ से टकराई हुई है। सुनील ने बताया कि जब वह कार के पास गया तो एक लड़का (निखिल) ड्राइवर वाली सीट पर बुरी तरह फंसा हुआ था। दूसरा युवक (अंकुश) उसके साथ वाली सीट पर था। तीसरा युवक (साहिल) पिछली सीट पर था और चौथा (हितेश) कार से बाहर पड़ा था। ये सब देखकर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गाड़ी की खिड़की तोड़कर निखिल को बाहर निकाला गया। मंगाली सुरतिया के रहने वाले अंकुश के पिता ने बताया कि उसका बेटा अपने दोस्तों हितेश, साहिल और निखिल के साथ कार में सवार होकर हरिकोट के नजदीक पैलेस में शादी समारोह में गया था। साहिल अपने चाचा सुरेश की गाड़ी लेकर गया था।

वहां पर कुछ देर रुकने के बाद चारों कार से ही हिसार पीएलए में समान लेने आ गए थे। यहां से वापस शादी समारोह में जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि चारों लड़के पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक साथ पढ़ते थे।

मंगाली के एक दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने वह चारों एक साथ गए थे। बताया जा रहा है कि हरिकोट गांव से पहले नहर पर एक मोड़ है। एक तरह से तीखा मोड़ होने के कारण वहां हादसे का हमेशा डर बना रहता है। उस मोड़ पर गाड़ी नहीं मुड़ने पर युवकों की गाड़ी बेकाबू होकर सीधा पेड़ से जाकर टकरा गई।





हिसार। पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त गाड़ी व पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मृतकों के परिजन। *फोटो: हरिभूमि*

### मां-बाप का इकलौता बेटा था अंकुश

हादसे में मारे गए साहिल और अंकुश बचपन के दोस्त थे। ये दोनों ही अपने घर में इकलौते थे। अंकुश एक बहन का इकलौता भाई था। उसके ही दोस्त की बहन की शादी थी। इस शादी में सभी शामिल होने के लिए हिसार से वापस जा रहे थे। परिजनों का कहना है कि शादी समारोह से हिसार क्या लेने के लिए आए थे इस बारे में अभी कुछ पता नहीं है।

### साहिल के अंदर आर्मी में जाने का था जुनून

पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर पहुंचे साहिल के चाचा के लड़के गुरमीत ने बताया कि साहिल भी अपने घर में अकेला भाई था। उसकी दो बहने हैं जो उससे बड़ी हैं। एक की शादी हो गई है और दूसरी अभी पढ़ाई कर रही है। उसने बताया कि वह हमेशा साहिल को टेक्सटाइल इंडस्ट्री में जाने के लिए कहता था। हालांकि साहिल के अंदर आर्मी में जाने का जुनून था। वह इसके लिए काफी तैयारी भी करता था।

### कार संतुलन बिगड़ने से हादसा : सरपंच

गांव मंगाली के सरपंच बलराज के अनुसार गांव में शादी थी और ये चारों दोस्त थे। शादी में शामिल होने के बाद हिसार गए थे। ऐसा अनुमान है कि वापसी में गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी और क्रॉसिंग के दौरान संतुलन बिगड़ने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। दो की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो की एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। बड़ा दुखद हादसा हुआ है। मृतकों में से एक युवक का वीजा लगा हुआ था और आज उसे बेलारूस के लिए निकलना था। ऐसे में चारों दोस्तों ने खुशी मनाने की प्लानिंग की, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था।

### ये बोले पुलिस अधिकारी

मंगाली चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि मृतकों में तीन मंगाली के थे और एक हरिकोट से था। घटना बुधवार रात की है। हादसा इत्तेफाक से हुआ था। युवकों ने कोई नशा नहीं किया हुआ था। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### निखिल को जाना था विदेश

मृतकों में शामिल निखिल के ताऊ बलबीर ने बताया कि चारों ही लड़के काफी अच्छे दोस्त थे। अपने किसी दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने वो कार से गए थे। इसके अलावा आज ही निखिल को पढ़ाई के लिए बेलारूस निकलना था, इसलिए भी सारे दोस्तों ने एक साथ शादी में जाने का मन बनाया। हादसे के बारे में बात करते हुए बलबीर बताते हैं कि सड़क पर बजरी बिछी हुई थी और साथ में गड्ढे भी थे जिस कारण कार पेड़ से टकरा गई।

## शेखपुरा व ढाणी पुरियां में हवाई फायरिंग के आरोपियों का सुराग नहीं

- सिकंदर फौजी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पुलिस कर चुकी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शेखपुरा में सरपंच प्रदीप लादी व ढाणी पुरिया में सुरेश कुमार के घर बाहर हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले दोनों युवक 10 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फायरिंग करने वाले युवकों को गिरफ्तार करना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है।

जबकि इस मामले में पुलिस की स्पेशल स्टॉफ की टीम हवाई फायर करने युवकों द्वारा फैंकी गई पर्ची पर लिखे सिकंदर फौजी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उससे पूछताछ कर चुकी है। बता दें कि दस दिन पहले शेखपुरा में सरपंच प्रदीप लादी के घर के बाहर देर रात करीब दस बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने हवाई फायरिंग की थी।

और उसके अगले दिन ढाणी पुरिया में झोलाछाप डॉक्टर सुरेश कुमार के घर के बाहर तीन हवाई फायर किए थे। दोनों ही घरों के बाहर हवाई फायर करने के बाद बाइक सवार युवकों द्वारा एक पर्ची फेंकी गई थी, जिसमें सिकंदर फौजी का नाम लिखा था।

### प्रदीप कुख्यात गैंगस्टर काला नजदीकी

बता दें कि सरपंच प्रदीप लादी गैंगस्टर काला बड़ाला का नजदीकी रहा है। वहीं ढाणी पुरिया निवासी सुरेश कुमार का भाई सुंदर उर्फ टकला शराब ठेका चलाता है और उसने करीब चार वर्ष पहले सिकंदर फौजी के मामा के साथ मिलकर शराब ठेके लिए थे। उनका शराब के ठेके में लेन देन का मामला था।

## श्रमिकों से बर्बरता के आरोपियों को जमानत

- दोनों आरोपियों को उच्च न्यायालय से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बनभौरी मामले के दो आरोपियों बसाऊ और सतबीर को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। दोनों आरोपी पांच महीने जेल में बिताने के बाद जेल से बाहर आएंगे। हाईकोर्ट से दोनों आरोपियों को गुरुवार को सशर्त जमानत मिली। मजदूरों की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में पिछले पांच महीनों से हिसार सेंट्रल जेल वन में बंद पांच आरोपियों में से दो आरोपी बसाऊ और सतबीर के खिलाफ पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जस्टिस अनूप चितकारा की कोर्ट में कड़ी बहस के पश्चात सशर्त जमानत याचिका मंजूर कर ली गई। कोर्ट ने यह भी शर्त रखी कि यदि आरोपियों द्वारा पीड़ितों पर किसी भी प्रकार का दबाव डाला गया तो उनकी जमानत निरस्त कर दी जाएगी। हाईकोर्ट में पीड़ित मजदूरों की ओर से उपस्थित एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि दोनों आरोपियों का नाम एफआईआर में सीधे तौर पर दर्ज न होने व अन्य कारणों के चलते जमानत मिल गई।

### ये था मामला

मामले के अनुसर बरवाला थाना क्षेत्र के गांव बनभौरी में नवरात्र मेले के अवसर पर 10 अक्टूबर 2024 को ठेकेदार सतीश कुमार द्वारा प्रसाद बेचने की दिहाड़ी पर बुलाए गए 11 प्रवासी मजदूरों के साथ बंधक बनाकर मारपीट व अवैध वसूली के मामले में बरवाला थाना में पांच नामजद सहित 10 के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। घटना के समय ही बरवाला पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## तलाकशुदा पत्नी व उसकी बहन पर गोलियां चलाने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

- आरोपी के दो साथी भी गिरफ्तार

स्पेशल स्टाफ व सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अपनी तलाकशुदा पत्नी की गोली मारकर हत्या प्रयास मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान सुल्तानपुर निवासी आरोपी विकास उर्फ विक्की, सातरोड़ निवासी संदीप व गौरव उर्फ गोरखा निवासी चिकनवास हाल श्याम लाल ढ़ाणी हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, रिमांड के दौरान आरोपियों से तलाकशुदा पत्नी की हत्या प्रयास में प्रयुक्त कार बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। ।



हांसी। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

### युवती की बाजू में लगी थी गोली

गौरतलब तलब रहे तीन मार्च को विकास उर्फ विक्की ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपनी तलाकशुदा पत्नी पूजा व उस वक्त गोलियां चला दी थी जब वह अपने 6 वर्षीय बेटे से स्कूल में मिलने के लिए आई थी। विकास के पिता व उसके भाई द्वारा स्कूल में बेटे से मिलने से मना करने के बाद जब दोनों बहनें अपनी स्कूटी पर सवार होकर वापस हिसार जा रही थी उस वक्त दोनों बहनों को रास्ते में रोक कर फायर किए गए थे जिनमें एक गोली पूजा की बाजू में लगी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद विकास अपने दोस्तों के साथ मौके से फरार हो गया था और राहगीरों ने पूजा व उसकी बहन को उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था।

### भैंस चोरी के आरोपी काबू, रिमांड पर

**हिसार।** पशु चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ टीम ने धांसू गांव से भैंस चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें उत्तर प्रदेश के किराना निवासी राशिद खान और रिजवान शामिल है। मुख्य सिपाही विक्रांत ने बताया कि इस संबंध में धांसू गांव के भाल सिंह ने 29 जनवरी की रात को उसके प्लॉट से भैंस चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसके प्लॉट से 29 जनवरी की रात को एक भैंस और दो कटिया चुरा ले गए। इस पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पुलिस ने इन दोनों आरोपियों राशिद खान और रिजवान को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी विक्रांत ने बताया कि आरोपी पेशेवर पशु चोर है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बरवाला क्षेत्र में भी पशु चोरी की वारदातें की है।

## हर्ष फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

- बीड़ बबरान में फायरिंग का आरोप एक रिमांड पर, दो को जेल भेजा
- आरोपियों से 5 अवैध पिस्तौल व 17 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नजदीकी गांव बीड़ बबरान में हर्ष फायरिंग करके दहशत फैलाने के आरोप में पकड़े गए तीन आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया गया। स्पेशल स्टाफ टीम ने गत रात्रि कार में सवार इन तीनों आरोपियों को एयरपोर्ट के पीछे नहर पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान काबू किया था। इनसे 5 अवैध पिस्तोल और 17 कारतूस बरामद किए गए हैं। एएसआई रविन्द्र ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर तलवंडी रोड एयरपोर्ट के पीछे नहर पुलिया पर नाकाबंदी करके वाहनों की चेकिंग शुरू की। कुछ समय बाद एक गाड़ी तलवंडी की तरफ से नहर पुलिया के पास पहुंची।

पुलिस टीम को देखकर गाड़ी सवार युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन गाड़ी अचानक न घूमने पर चालक गाड़ी से उतर कर भाग गया। पुलिस टीम ने गाड़ी में बैठे बाकी तीन युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में इन्होंने अपना नाम जींद के बीबीपुर निवासी भरत राज, बीड़ बबरान निवासी साहिल और जगत बताया। भागने वाले आरोपी की पहचान जींद के करेला निवासी विकास के रूप में हुई है। तीनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 5 अवैध पिस्तोल और 17 कारतूस बरामद हुए।



हिसार। बीड़ बबरान गांव में फायरिंग के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

## पटेल नगर में दुकानदार ने फंदा लगाकर जान दी

- घटना के समय पत्नी मायके तो बेटी गई थी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के पटेल नगर में लगभग 50 वर्षीय दुकानदार राजकुमार उर्फ राजू ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी पत्नी मायके तथा बेटी स्कूल में पढ़ाने गई हुई थी। बताया जा रहा है कि जब राजकुमार ने पत्नी का फोन नहीं उठाया तो उसकी पत्नी ने पड़ोसन को देखने भेजा, तब उसका पति फंदे से लटक रहा था। घटना की सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। मृतक राजकुमार मकान के निचले हिस्से में दुकान चलाता था जबकि ऊपर परिवार समेत रहता था। शुरुआती जांच के बाद उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। वहीं फंदे पर लटकने से पहले उसने चाबी भी बाहर फेंक दी थी ताकि अंदर आने के लिए पत्नी या बेटी को दरवाजा न तोड़ना पड़े। पुलिस के मुताबिक राजकुमार ग्रोवर उर्फ राजू पटेल नगर में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है। उसकी पत्नी वीणा भिवानी की रहने वाली है। उनकी एक बेटी है। वह टीचर है और प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है। गुरुवार को दुकानदार की पत्नी वीणा मायके गई हुई थी, वहीं बेटी भी स्कूल में पढ़ाने के लिए गई हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



राजकुमार (फाइल फोटो)

## दस मार्च को गुजवि व अन्य जगह कार्यक्रमों में होंगी शामिल

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

- राष्ट्रपति के कार्यक्रम में रुकने से लेकर उनके रूट प्लान के संबंध में अधिकारियों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 10 मार्च को प्रस्तावित हिसार दौरे के मद्देनजर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पीस पैलेस के प्रांगण का भी प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा किया है।

इसी कड़ी में मंडलायुक्त ए.श्रीनिवास, एडीजीपी डॉ माटा रवि किरण, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। मंडलायुक्त ए.श्रीनिवास ने इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से अब तक हुई तैयारियों के बारे में रिपोर्ट ली। उन्होंने इस बीच राष्ट्रपति के कार्यक्रम में रूकने से लेकर उनके रूट प्लान के संबंध में दिशा निर्देश दिए। वहीं एडीजीपी डॉ माटा रवि किरण ने सुरक्षा के संबंध में किए गए इंतजाम के बारे में मौजूद पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने एंट्री और एग्जिट रास्तों के बारे में भी रिव्यू किया। सबसे पहले प्रशासनिक अधिकारी हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचे तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दौरे को लेकर होने वाली गतिविधियों के बारे में समीक्षा की।



हिसार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन को लेकर तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थलों को दौरा करते प्रशासनिक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### दीक्षांत समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने 10 मार्च को विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में एकेडमिक प्रोसेशन की प्रथम रिहर्सल का आयोजन भी किया गया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी आभासीय मेहमान बने तथा प्रोसेशन की प्रक्रिया से संबंधित औपचारिकताओं के बारे में जानकारियां दी गई। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि होंगी। इस अवसर पर कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार व अन्य मौजूद रहे।

सेलिब्रेशन

# होली पर रंग-बिरंगी मस्ती

बच्चे होली पर रंग खेलने के साथ खूब मौज-मस्ती करते हैं। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि उनकी अब तक की कौन-सी होली, खूब मस्ती भरी और यादगार रही? इस बार उनकी होली पर क्या खास प्लानिंग है? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का **बालभूमि** के अपने दोस्तों के लिए क्या मैसेज है? जानो, इन्हीं की जुबानी।



## होली का असली मजा मिलजुल कर रंग खेलने में है: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची की भूमिका निभा रही जारा वारसी के लिए होली का त्योहार खास अहमियत रखता है। वह कहती है, 'मैं भले ही किसी दूसरे धर्म की हूं, लेकिन होली का त्योहार मेरे लिए हमेशा से खास रहा है। मैं पूरे उत्साह-उमंग से अपने दोस्तों के साथ होली मनाती हूं।' होली का एक मेमोरेबल इंसिडेंट जारा बताती है, 'एक बार मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ पहली बार कॉलोनी में होली खेल रही थी। हम सब दोस्त एक-दूसरे पर वाटर बैलून फेंक रहे थे, गलती से एक बैलून पास से गुजर रहे अंकल को लग गया। हम घबरा गए कि अब हमें डांट पड़ेगी, लेकिन उन्होंने भी हंस कर हमें रंग लगा दिया। उस पल ने मुझे सिखाया कि होली का असली मजा हंसी-मजाक और मिलजुल कर रंग खेलने में ही है।' इस वर्ष होली को लेकर अपनी खास प्लानिंग के बारे में जारा बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सेट पर भी होली सेलिब्रेट करूंगी। साथ ही, घर पर एक छोटी-सी गेट-टुगेदर भी रखी है। मैं अबकी नेचुरल कलर से ईको-फ्रेंडली होली खेलूंगी, ताकि लोगों को किसी तरह कोई परेशानी न पहुंचे।' 'बालभूमि' के दोस्तों को होली का मैसेज देते हुए जारा कहती है, 'मैं अपने सभी प्यारे दोस्तों से कहना चाहूंगी कि होली हमेशा मिलजुल प्यार से खेलें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। पानी की बर्बादी से बचें, ईको-फ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें। दोस्तों संग होली की मस्ती करें और खूब हंसें-खिलखिलाएं।' *

## इस बार अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा के साथ रंग खेलूंगा: कविश खुंगर



**कविश खुंगर** को इन दिनों शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कविश से जब बात होती है कि उसकी सबसे मेमोरेबल होली कौन सी थी, तो वह चहकते हुए बताता है, 'मेरी सबसे मजेदार और मेमोरेबल होली पिछले साल की थी। मैंने वाटरगन की मदद से ढेर सारे वॉटर बैलून खुद तैयार किए। मम्मी-पापा और अपने फ्रेंड्स को रंग लगाया। इन सबने भी मुझे रंग लगाया। फिर मैंने गुलाब जामुन, गुझिया, पेड़ा और कई सारी मिठाइयां खाईं। घर आए अपने दोस्तों के साथ मैंने खूब डांस भी किया।' कविश को होली फेस्टिवल बहुत पसंद है। वह बताता है,'मैं होली पर अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करता हूं, हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन हमें मस्ती करने से कोई रोकता नहीं है।' इस बार होली पर अपनी प्लानिंग के बारे में भी कविश बताता है, 'अबकी बार मैं शो के सेट पर अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा (वृंदा-केशव) के साथ भी रंग खेलूंगा। मैं सेट पर सभी के लिए मिठाइयां लेकर भी जाऊंगा। खूब एंज्वॉय करूंगा।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को कविश मैसेज देता है,'सभी दोस्त अच्छे से रंग खेलें और होली की मस्ती करते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि किसी को चोट न लगे। मिठाइयां खाएं-खिलाएं। होली का दिन खूब हंसी-खुशी के साथ एंज्वॉय करें। सभी को हैप्पी होली...।' *

## ऑर्गेनिक कलर्स से खेलें होली: श्रेया पटेल



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में पद्मावती का किरदार निभा रही बाल कलाकार श्रेया पटेल अपनी सबसे मेमोरेबल होली को याद करते हुए बताती है, 'मेरी अब तक की सबसे यादगार होली वह थी, जब मैं आउटडोर शूट के लिए उमर गांव गई थी। चूंकि वहां बहुत लंबा शूट चला, इसलिए सभी के साथ मेरी बहुत ही प्यारी बॉन्डिंग बन गई थी। सेट पर सबसे छोटी होने के कारण मैं सबकी लाडली थी। हमने वहां जमकर होली खेली और अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती की। परिवार और दोस्तों के साथ तो हम हर साल होली मनाते ही हैं, लेकिन पहली बार अपने को-एक्टर्स के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और था।' श्रेया इस बार की होली को लेकर अपनी प्लानिंग बताती है, 'अबकी मैं 'तेनाली रामा' के सेट पर ही मस्ती और धमाल वाली होली मनाना चाहती हूं। इस शो की टीम के साथ मेरी बहुत प्यारी बॉन्डिंग हो चुकी है, यह मेरा दूसरा परिवार बन चुका है।' 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज देते हुए श्रेया कहती है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगी कि होली खूब खेलें और जमकर मस्ती करें, लेकिन जितना हो सके पानी बचाएं, सूखे अबीर-गुलाल ज्यादा इस्तेमाल करें। हार्मफुल केमिकल कलर्स के बजाय नेचुरल या ऑर्गेनिक कलर्स का ही इस्तेमाल करें। अपने परिवार और दोस्तों को भर-भर के रंग लगाएं और बोलें, 'बुरा न मानो, होली है...!' *

## पापा से अपनी होली की डिमांड बता दी है: वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल के किरदार से दर्शकों का मन मोह रही वृही कोडवारा से जब उसकी सबसे यादगार होली की बात होती है तो वह हंसते हुए बताती है, 'लास्ट ईयर की होली मेरी अब तक की बेस्ट होली थी, क्योंकि मैंने दो-दो बार होली मनाई थी।

एक बार घर पर और दूसरी बार 'पुष्पा इंपॉसिबल' के सेट पर राशि दीदी, प्रार्थना दीदी, दादू, चिराग भैया, दीप्ति दीदी, अश्विन दादा और बहुत सारे लोगों के साथ होली की मस्ती की थी। घर पर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ होली मनाने में मजा तो आता है, लेकिन सेट पर बहुत सारे लोगों के साथ होली मनाने का कुछ अलग ही मजा है। सेट पर दोनों काम एक साथ हो जाते हैं, होली भी मन जाती है और शूट भी हो जाता है।' वृही इस बार की अपनी होली की प्लानिंग बताती है, 'वैसे तो हम हमेशा कलर्स और पिचकारी के साथ ही होली खेलते हैं, लेकिन इस बार का कुछ अलग प्लान है।

मैंने पापा से अपनी डिमांड बोलकर रखी है कि इस बार हम लोग एक रिसॉर्ट पर जाएंगे। पूल में खेलेंगे, होली मनाएंगे और बहुत मजे करेंगे।' होली पर वृही का बालभूमि के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'सभी लोग हमेशा नेचुरल कलर से होली खेलें और पानी की बचत करें। मेरी तरफ से अपने सभी फ्रेंड्स को 'हैप्पी होली...!' *

**प्रस्तुति**
बालभूमि फीचर्स

---

कविता / देवी प्रसाद गौड़

## प्यार बांटती घर-घर होली



विदा हो गए टोपा, जर्सी,
सर्दी भागी होली आई।
बचपन की मस्ती संग लिए,
खुशियों से झोली भर लाई।।
ठंड रही ना गर्मी ज्यादा,
रंग-रंगीला मौसम आया।
झूम उठे फूलों पर भौंरे
जंगल में टेसू हरषाया।।
हफ्ते भर की छुट्टी होंगी,
कई दिनों तक खेलें होली।
सोहन, मोहन, शंकर, शालू,
घर से चलें बनाकर टोली।।
कितना भी छुप लेना कोई,
सबके मुंह कर देंगे काले।
लाल गुलाल मलें गालों पर,
हम सब होली के मतवाले।।
प्यार बांटती घर-घर होली,
आपस में हम गले मिलेंगे।
बड़े बुजुर्गों से नतमस्तक,
प्यार भरा शुभ आशीष लेंगे।।
खूब छकेंगे माल-मिठाई,
पूआ-पूड़ी और कचौड़ी।
जहां जाएंगे वहीं मिलेंगे,
टिकिया-भल्ले चाट-पकौड़ी।।
चना-मटर की फली करारी,
दादी भूने जौ के दाने।
लठमार होली देखेंगे,
द्वार-द्वार ढप-ढोल सुहाने।।
तरह-तरह के खेल तमाशे,
जब बस्ती में चले हुरंगा।
नाचें-गाएं मुंह मटकाएं,
तन-मन होते रंगमरंगा।।

---

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

## मजेदार कविताएं-रोचक उपन्यास

बच्चों, तुम्हारे लिए मजेदार-ज्ञानवर्धक कविताओं की एक किताब कुछ समय पूर्व छपकर आई है। 'पचपन रंग बचपन के' शीर्षक वाली इस किताब में कुल पचपन कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में तुम्हें विज्ञान, भूगोल, प्रकृति और बच्चों के मन की बातों के साथ ही कुछ नटखटपन से भरी अलग-अलग रंगों की कविताएं भी पढ़ने को मिलेंगी। यहां कुछ कविताएं ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुम्हें लगेगा कि अरे, ऐसा तो मैं भी सोचता/सोचती हूं! 'सोच रहा बंटी मन ही मन' और 'पापा तुमने कभी न जाना' ऐसी ही कविताएं हैं। इन दिनों तुम सब होली खेलने की तैयारी कर रहे होगे। हर रंग की क्या खासियत है, इसे 'रंगों की लड़ाई' कविता में पढ़ सकते हो। किताब की सभी कविताएं पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *



**किताब**: पचपन रंग बचपन के, **रचनाकार**: अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्य**:200 रुपए, **प्रकाशक**: अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *



**किताब**: एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक**: समीर गांगुली, **मूल्य**: 199 रुपए, **प्रकाशक**: फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

---

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

## होली वालतुक्कल!

सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।

सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'



पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया।

मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।'

वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

---

बूझो तो जानें

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



1 रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2 होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3 भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर ,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4 पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5 मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.पिचकारी 3.होलिका 4.नृसिंह भगवान 5.बसंत

---

## जीके क्विज- 144



1. टाइम मैग्जीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?



**बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-143 का उत्तर:** 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

**जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले:** रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

---

## रंग भरो-170

**रंग भरो-170** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डॉली, दुर्ग



वेदिका, बालोद



गणिका, झज्जर



रिद्धि-भिवानी



अर्पिता-दुर्ग



जिया-कोंडागांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद

---

## रंग भरो 171

बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### मरम्मत कार्य के चलते बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**हांसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हांसी के टाऊन फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आज सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए एसडीओ मोहन लाल ने बताया कि टाऊन फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जींद चौक, बड़सी गेट, चेता मोहल्ला, प्रताप बाजार, तिकोना पार्क, गोल कोठी तथा धौला कुआं आदि क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### हरिद्वार से विद्वानों की 'टोली' पहुंची हिसार

**हिसार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार से पूरे ट्रस्ट की संस्थापिका माता भगवती देवी के शताब्दी जन्मवर्ष को लेकर कलश ज्योति यात्रा जन-जन तक नैतिक शिक्षा के ज्ञान का संचार हो व यज्ञ का ज्ञान हो को लेकर हरिद्वार से विद्वानों की टोली गुरुवार को नगर में पहुंची। गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला कैमरी रोड़ हिसार इकाई के मुख्य ट्रस्टी डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया कि विद्वानों की टोली का नगर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं व स्थानीय इकाई के सदस्यों ने टोली का भव्य स्वागत किया।

### गृहकर माफ करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** शहर के वार्ड नंबर 25 स्थित श्री रामा सिलाई सेंटर के प्रधान अजय भारद्वाज की अगुवाई में सेंटर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने गुरुवार को नगर परिषद हांसी के चेयरमैन प्रवीण इलावादी को सिलाई सेंटर में व्याप्त समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सेंटर काफी पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है। इसलिए उसकी रिपेयरिंग करवाना अति आवश्यक है। वहीं श्री रामा सिलाई सेंटर एक सार्वजनिक संस्थाओं में शुमार है और यहां गरीब लड़कियों व महिलाओं को फ्री में सिलाई व कढ़ाई सिखाई जाती है।

### मेकिंग मार्केटस हैपन पर कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग सेल की ओर से 'मेकिंग मार्केटस हैपन : ट्रांसफोर्मिंग मार्केट इनसाइटस' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाजार अंतर्दृष्टि को समझने और व्यावसायिक रणनीतियों में परिवर्तित करने की कला में पारंगत बनाना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. एनएस मलिक ने विद्यार्थियों को बाजार अनुसंधान, उपभोक्ता व्यवहार और व्यावसायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर गहन जानकारी प्रदान की।

### कार वाशिंग स्टेशन से नकदी चोरी में दो काबू

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने कैमरी रोड स्थित कार वाशिंग स्टेशन के गल्ले से नकदी चोरी के मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शास्त्री नगर निवासी संतोष और आजाद नगर निवासी निखिल शामिल है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेक्टर 14 हिसार निवासी अक्षित ने उक्त आरोपियों के खिलाफ उसके केमरी रोड स्थित कार वाशिंग स्टेशन से नकदी चुराने के बारे में शिकायत दी थी।

### ठेके से नकदी चोरी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने मलिक चौक स्थित शराब के ठेके से 40 हजार रुपये चोरी के मामले में गोविंद नगर निवासी सावन को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। शराब के ठेके पर काम करने वाले पृथला निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि 4 मार्च को सुबह करीब 11 बजे वह ठेके पर था। उसी समय किसी काम से गोदाम में गया, तभी कोई अंजान व्यक्ति ठेके के अंदर आकर गल्ले से 40 हजार रुपये चुरा का ले गया।

### हकृवि में 52वीं वार्षिक दो दिवसीय एथलेटिक मीट का शुभारंभ

# पुरुष वर्ग में समीर व महिला वर्ग में पूजा ने लगाई सबसे ऊंची छलांग

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित





**हिसार।** ऊंची कूद में हिस्सा लेती छात्रा व विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से करवाई जा रही इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के तहत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

#### प्रथम दिन के परिणाम

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय, जबकि महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की हाई जंप में कृषि महाविद्यालय हिसार के समीर प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के हर्ष ने तृतीय, जबकि महिला वर्ग में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग के डिस्कस थ्रो मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार के छात्र रवि गौतम प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के विनय कुमार द्वितीय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### शॉटपुट में संगीता ने मारी बाजी

महिला वर्ग के शॉटपुट मुकाबले में कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। सैक रेस में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय बावल की छात्रा रिया तृतीय रही।

#### प्रतिस्पर्धा व चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : प्रो. काम्बोज

इससे पूर्व कुलपति ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करके ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि दो दिवसीय इस एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद व ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने किया।



**बरवाला।** अवैध मार्केट में जेसीबी से कच्ची सड़कों को तहस-नहस करते हुए।

## हिसार बाइपास के समीप दो अवैध मार्केट में चलाई जेसीबी

- छह घंटे चली जेसीबी से कार्यालय, सीवरेज, डीबीसी व कच्ची सड़कों को किया तहस-नहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

जिला नगर योजनाकार ने हिसार बाइपास के समीप दो अवैध मार्केट में दो जेसीबी चलवाकर अवैध मार्केट में बने कार्यालय व कच्ची सड़कों को तहस नहस कर दिया। मार्केटों में जेसीबी चलने की सूचना पाते ही मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई और कॉलोनाइजर इधर-उधर खिसक गए।

यह जेसीबी 6 घंटे प्रातः साढ़े 10 बजे से सांय साढ़े 4 बजे तक चली। इस दौरान किसी ने भी कोई एतराज वगैरह नहीं किया। किसी अप्रिय घटना के बचाव के लिए पुलिस प्रशासन के पुख्ता प्रबंध किए गए थे और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नगरपालिका एम.ई. अमित बेरवाल मौजूद रहे। यह कार्रवाई डीटीपी गुंजन वर्मा के नेतृत्व में की गई। मौके पर मौजूद डीटीपी गुंजन वर्मा ने बताया कि इन कॉलोनाइजरों को नोटिस वगैरह दिए गए थे परंतु इन कॉलोनाइजरों ने उन नोटिसो का कोई जवाब नहीं दिया जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत जेसीबी द्वारा दोनों मार्केट के 13 एकड़ में बने कार्यालय, सीवरेज, डीबीसी व कच्ची सड़कों को तहस नहस किया गया है।

## हांसी के लोगों को गर्मी से पहले मिलेगा भाखड़ा नहर से पर्याप्त पेयजल : विनोद

- विधायक ने आठ विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्यों का नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हलके के लोगों को अगली गर्मियों के मौसम तक भाखड़ा नहर से पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होना शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि जल्द ही इस विकास परियोजना पर काम शुरू करवा कर तेजी से पूरा करवाने का काम किया जाएगा। यह बातें विधायक विनोद भयाना ने बृहस्पतिवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में दो करोड़ रुपए से अधिक लागत की आठ विकास परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कही।

#### एक-दो दिन में हो जाएगा टेंडर

उन्होंने बताया कि शहर के लोगों के लिए के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए भाखड़ा नहर से हांसी जलघर तक पाइप लाइन बिछाने के लिए आगामी एक-दो दिन के अंदर टेंडर हो जाएगा और अगले 6-7 माह के अंदर इस विकास परियोजना का कार्य पूर्ण करवा लिया जाएगा। इस विकास परियोजना के पूरा होने से शहर को यमुना की जगह भाखड़ा नहर से पानी मिलना शुरू हो जाएगा। चूंकि भाखड़ा नहर में साल में 11 महीने निरंतर पानी बहता है और भाखड़ा नहर से हांसी के जलघरों में पानी मिलना शुरू होने के बाद शहर में पेयजल की कोई किल्लत नहीं रहेगी। इस अवसर पर नगर परिषद के उप प्रधान अनिल बंसल, दिनेश भुटानी, राजेश ठकराल, पार्षद जयदीप सैनी, पार्षद अजय सैनी, पार्षद मुकेश सैनी, ईश्वर सिंगला,सुनील सैनी मंत्री, रिंकू गक्कड़, विक्रम ढींगरा, गोलू चावला, जगदीश भाटिया, नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, मुकेश मुंढालिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

- भाखड़ा नहर से हांसी जलघर तक पाइप लाइन बिछेगी

## पुरानी सीवरेज समस्या से मिलेगा छुटकारा

- शीतला माता चौक से सब्जी चौक तक लाइन डालने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वार्ड नंबर 4 के शीतला माता चौक से सब्जी मंडी चौक तक करीब साढ़े चार दशक पुरानी सीवरेज लाइन की समस्या के समाधान का कार्य आखिरकार शुरू हो चुका है।

यह कार्य पिछले वर्ष ही शुरू हो जाना था लेकिन विधानसभा व नगर निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण देरी से शुरू हुआ है। आकार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुमित सैनी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ किसी बड़े चेहरे को न लेकर समाज के ही आमजनों से करवाया क्योंकि इस कार्य में आमजनों और संस्था की ही भागीदारी रही है। कार्य का शुभारंभ हनुमान प्रसाद सैनी व इंद्र सिंह बागड़ी ने नारियल फोड़ कर किया। आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से यह प्रयास लगातार किया गया कि जनता की इस मूलभूत आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाए। समाज के जागरूक नागरिकों और संस्था के सदस्यों की मेहनत एवं निरंतर संघर्ष के कारण यह कार्य अब साकार रूप ले रहा है।



**हिसार।** सीवरेज लाइन डालने के लिए रोड को तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

#### चुनाव आचार संहिता के चलते आई बाधा

उन्होंने बताया कि इस कार्य में थोड़ा विलंब हुआ है, जिसका मुख्य कारण विधानसभा और नगर निगम चुनावों की आचार संहिता के चलते आई बाधा रही। यदि चुनावी प्रक्रिया बीच में न होती, तो यह कार्य पहले ही शुरू हो जाता। इस अवसर पर शिव कुमार जांगड़ा, राहुल सैनी, विकास सैनी, मोहित सैनी, संतोष देवी, मुन्नी देवी कृष्णा देवी, संदीप आदि मौजूद थे।

## लुवास के कुलपति से मिला संयुक्त शिष्टमंडल

- कुलपति के साथ सदैव हर संभव सहयोग देने का विश्वास दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का संयुक्त शिष्टमंडल लुवास के नवनियुक्त कुलपति डॉ. नरेश जिंदल से मिला।

इसमें एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, अनुसूचित जाति व जनजाति कर्मचारी संघ व सफाई कर्मचारी संघ ने लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति डॉ. नरेश जिंदल को पदभार ग्रहण करने पर उन्हें कार्यालय में जाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। सभी यूनियनों के प्रधान, महासचिव व समस्त कार्यकारिणी ने कुलपति का स्वागत किया और आगामी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभी यूनियनों ने कुलपति के साथ सदैव हर संभव सहयोग देने का विश्वास दिलाया।



**हिसार।** लुवास के नवनियुक्त कुलपति डॉ. नरेश जिंदल को बधाई देते संयुक्त शिष्टमंडल। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार गंगवानी, उपप्रधान महेंद्र खुराना, सचिव वीरपाल, सुनील पंडित, संजय, संदीप, अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ, जनजाति के प्रधान मनोज कुमार, महासचिव नवीन सभ्रवाल, डॉ. राजेंद्र कुमार, सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान कालूराम व महासचिव चन्द्रबोस आदि उपस्थित थे।

## गुजवि के 11 विद्यार्थी हुए आईटी कंपनी में चयनित

- विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हाल ही में इंफोसिस प्लेसमेंट ड्राइव की उल्लेखनीय सफलता के बाद गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने वैश्विक स्तर पर शीर्ष आईटी कंपनियों में से एक कॉग्निजेंट के साथ 11 विद्यार्थियों के चयन के साथ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन करके एक बार फिर विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक सीएसई की छवि धीमान को 6.75 लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ जेनसी नेक्स्ट प्रोफाइल के लिए चुना गया है। अन्य चयनित विद्यार्थियों में बीटेक सीएसई से अभय कुमार, राजन कुशवाहा, अमन सोनी, मुकुल, आयुष, नितीश, बीटेक आईटी से निखिल, बीटेक सीएसई-एआईएमएल से वंशिका सहगल, वंशिका शर्मा व कशिश शामिल हैं, जिन्हें चार लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ जेनसी प्रोफाइल के लिए चुना गया है।

### पति की हत्या करवाने वाली महिला गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस की एबीवीटी व उकलाना थाना पुलिस ने पाबड़ा निवासी हरिकेश उर्फ पप्पू की हत्या मामले में दूसरी आरोपी गांव पाबड़ा निवासी मोनिका को गिरफ्तार किया है। मोनिका मृतक हरिकेश उर्फ पप्पू की पत्नी है। थाना प्रबंधक उप निरीक्षक गुरमिंदर सिंह ने बताया पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपी मोनिका और कपिल के नाजायज संबंध थे।

- दोषी महिला को भेजा जेल

कपिल ने मोनिका के कहने पर हरिकेश उर्फ पप्पू पर रॉड से हमला कर उसे जानलेवा चोटें मारकर उसकी हत्या की। इस मामले में 28 फरवरी को पाबड़ा निवासी हरिकेश का शव नागरिक अस्पताल में रखी होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को गांव पाबड़ा निवासी अमित ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोटें मारकर हरिकेश की हत्या करने के बारे में बताया कि 28 फरवरी की सुबह उसे सूचना मिली कि हरिकेश को उसके खेत में किसी ने चोट मार दी है। सूचना पर वह अपने ताऊ के लड़के के साथ खेत में गए तो हरिकेश उर्फ पप्पू का शव लहुलुहान अवस्था में पड़ा था।

**प्रोजेक्ट** सस्टेनेबल आर्किटेक्चर के सिद्धांतों पर आधारित होगा भवन

## बांस और गन्ने के अपशिष्ट से बनाया जाएगा पर्यावरण अनुकूल भवन

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के एक प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। यह दौरा एनजीओ प्रयत्न के सहयोग से आयोजित किया गया, जहां प्रतिनिधिमंडल ने टेक्सटाइल डिजाइन शाखा के छात्रों से बातचीत की और उनके द्वारा बनाए गए डिजाइनों को देखा।

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के आर्किटेक्चर विभाग के प्रमुख प्रो. आर्मर के नेतृत्व में 7 सदस्यीय टीम जिसमें उनके मास्टर डिग्री के शोध छात्र भी शामिल थे, संस्थान में पहुंची। प्रो. आर्मर ने सस्टेनेबल बिल्डिंग डेवलपमेंट की जानकारी दी।



**हिसार।** लंदन से आया प्रतिनिधिमंडल व संस्थान के अधिकारी।

#### मॉडल प्रोजेक्ट से छात्रों को भी सीखने का अवसर मिलेगा

एनजीओ प्रयत्न के संस्थापक अनिल कसाना कि एनजीओ झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों के गरीब छात्रों की शिक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं, यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य टेक्सटाइल डिजाइन के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत, एनजीओ पर्यटन के लिए एक पर्यावरण अनुकूल भवन विकसित किया जाएगा, जिसे बांस और गन्ने के अपशिष्ट पदार्थों से बनाया जाएगा। यह भवन पूरी तरह से सस्टेनेबल आर्किटेक्चर के सिद्धांतों पर आधारित होगा, जिससे पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे। इस भवन का डिजाइन यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के आर्किटेक्चर विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया जाएगा और यह एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगा, जिससे छात्रों को भी सीखने का अवसर मिलेगा।

#### छात्रों की मेहनत व रचनात्मकता का परिणाम : डॉ. कुमार

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान के लिए यह गर्व की बात है कि यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन की टीम टेक्सटाइल डिजाइन शाखा के छात्रों द्वारा बनाए गए डिजाइनों में रुचि दिखा रही है। यह हमारे छात्रों की मेहनत और रचनात्मकता का प्रमाण है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का अवसर मिलेगा।

#### यह रहे उपस्थित

संस्थान की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार, टेक्सटाइल डिजाइन के एचओडी डॉ. देश दीपक, फैशन टेक्नोलॉजी के एचओडी तरुण शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस अवसर पर रेखा शर्मा, सुनील भूटानी, सुनील दत्त और संदीप भेरवान सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत चिड़ोद (हिसार) की पंचायती भूमि पर खड़ी मस्कट (जंगली कीकर) की नीलामी दिनांक 9 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत चिड़ोद में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहले पहुंचे। बोली में भाग लेने के लिए सिक्योरिटी राशि 50000 रूपए है तथा अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएगी।

बाला देवी - सरपंच, ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा चिड़ोद मो. 99915-81028

## खबर संक्षेप



### बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा रही प्रथम

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में भौतिकी विभाग के प्रोटॉन क्लब के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो .मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा, द्वितीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नवी और तृतीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा परिधि ने प्राप्त किया।

### सकसं 13 को करेगा कर्मचारी जन असेंबली

**हिसार।** हरियाणा का अलग वेतन आयोग गठित करने, प्रतिमाह 5000 रुपए अंतरिम सहायता देने, सभी वेतन विसंगतियां दूर करने, रेगुलाइजेशन की नीति बनाने, पुरानी पेंशन बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर 13 मार्च को उपायुक्त कार्यालय पर कर्मचारी जन असेंबली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सर्व कर्मचारी संघ के हिसार ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल, सचिव विनोद प्रभाकर, वित्त सचिव रमेश शर्मा, संगठन सचिव सुरेंद्र चहल व ब्लॉक प्रभारी पवन कुमार ने दी।

### सुबह 9 से 11 बजे सुनी जाएंगी जनसमस्याएं

**हिसार।** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अब लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में प्रत्येक कार्य दिवस पर पहले की भांति जनसमस्याएं सुनी जाएंगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि जनसुनवाई के लिए लगाए जाने वाले समाधान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। हिसार जिले का कोई भी व्यक्ति प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजित होने वाले समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यशाला आज

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 मार्च को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि स्त्री-पुरुष समानता में नागरिक दायित्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन हिसार एवं पुलिस विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के सभागार में किया जाएगा।

### इनफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के सभागार में भूगोल विभाग की ओर से स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए 'जियो इनफॉर्मेटिक्स टेक्नोलॉजी' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को जिओ इनफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी का ज्ञान होना अति आवश्यक है और हम आशा करते हैं कि विद्यार्थी इस कार्यशाला से लाभान्वित होंगे।

## हिसार की 16 तथा नारनौंद की 8 टेबल पर होगी मतगणना

# नगर निकाय चुनाव: मतगणना को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी

### द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया करवाते हुए कर्मचारियों की मतगणना पार्टियां बनाई, 159 कर्मचारियों की मतगणना के लिए लगाई ड्यूटियां



**हिसार।** द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मतगणना को लेकर प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित वीसी हॉल में नगर निकाय चुनाव 2025 मतगणना की तैयारियों के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया करवाते हुए कर्मचारियों की मतगणना पार्टियां बना दी गई हैं।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत कम्प्यूटरीकृत तरीके से मतगणना में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की मतगणना पार्टियां बना दी गई हैं। अब अगले चरण में मतगणना पार्टियों को टेबल अलॉट की जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मेयर पद की मतगणना के लिए 16 टेबल, पार्षद पद के लिए 14 टेबल तथा नारनौंद नगर पालिका मतगणना के मद्देनजर 8 टेबल तय की गई हैं। इसके अलावा दो-दो टेबल रिजर्व रखी गई हैं। इनमें एक आरओ के लिए तथा एक पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती के लिए सुनिश्चित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि पहले रेंडमाइजेशन के तहत 159 कर्मचारियों की ड्यूटियां मतगणना के लिए लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि अब अगले चरण में मतगणना पार्टी की मतगणना को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रशासन ने मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए हैं। इसके साथ ही मतगणना की प्रक्रिया किस प्रकार से शुरू होगी। इस बारे में भी पारदर्शिता के लिए उम्मीदवारों, प्रशासनिक अधिकारियों को समय-समय पर हरियाणा चुनाव आयोग की हिदायतों के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने हिसार नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह तथा नारनौंद नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के दौरान हर तरह से पुख्ता इंतजाम होने चाहिए तथा तय समय पर ही मतगणना शुरू करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में हिसार नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह, नारनौंद नगरपालिका के रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा, नगराधीश हरिराम, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दीपक भारद्वाज उपस्थित रहे।

#### मतगणना के लिए ऐसे मिलेगा प्रवेश



हिसार नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अलग-अलग जगह तथा रास्ते सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए मेयर पद हेतु महाबीर स्टेडियम स्थित जिम्नेजियम हॉल (पश्चिमी भाग) और पार्षद पद के 1 से 20 वार्ड के सदस्यों के लिए जिम्नेजियम हॉल (पूर्वी भाग) को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी। बैरिकेडिंग और टेंट की समुचित व्यवस्था कर दी गई है तथा सुरक्षा के लिहाज से भी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि काउंटिंग स्टाफ तथा काउंटिंग एजेंट इत्यादि के प्रवेश के लिए अलग-अलग जगह बैरिकेडिंग करते हुए तय की गई है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा की काउंटिंग स्टाफ अलग हॉल में जाए तथा काउंटिंग से संबंधित एजेंट निर्धारित जगह पर प्रवेश कर पाए। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए मेयर उम्मीदवार के काउंटिंग एजेंट रिटर्निंग अधिकारी के जरिये तथा पार्षद उम्मीदवार के काउंटिंग एजेंट संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के जरिये प्रवेश पत्र बनवा सकते हैं।

### निगम चुनाव : मतगणना केंद्र में मोबाइल साथ नहीं ले जा सकेंगे

**हिसार।** निकाय चुनाव की मतगणना के लिए पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं। तैयारियों व सुरक्षा के चलते 12 मार्च को होने वाली मतगणना के दौरान मतगणना केंद्र में मोबाइल ले जाने पर पाबंदी रहेगी। हिसार नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इसके तहत उम्मीदवार तथा चुनाव एजेंट को आई कार्ड जारी होंगे। हिसार नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह बताया कि मतगणना वार्ड वाइज करवाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही मतगणना की प्रक्रिया किस प्रकार से शुरू होगी। इस बारे में भी पारदर्शिता के लिए उम्मीदवारों, प्रशासनिक अधिकारियों को समय-समय पर आयोग की हिदायतों का पालन किया जाएगा।



**हिसार।** विशेष लेक्चर के मौके पर उपस्थित ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### ओएसजीयू में वकालत के विद्यार्थियों के लिए विशेष ज्यूडिशरी क्लास शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

■ ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल के सानिध्य बुधवार को कानूनी अध्ययन विभाग द्वारा वकालत के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष लेक्चर करवाया

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विशेष ज्यूडिशरी क्लास का आग़ाज़ किया गया। ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल के सानिध्य बुधवार को कानूनी अध्ययन विभाग द्वारा वकालत के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष लैक्चर करवाया गया। इस विशेषज्ञ व्याख्यान का उद्देश्य न्यायिक परीक्षा की तैयारी कैसे करें, कानून का अध्ययन कैसे करें और आपराधिक कानूनों के बारे में संक्षिप्त चर्चा रहा। विश्वविद्यालय के चांसलर व प्रो चांसलर ने एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट, दिल्ली का धन्यवाद किया और खुशी जताते हुए कहा कि इस प्रकार के विशेष लैक्चर कानूनी अध्ययन के विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी होते है, इसी के साथ ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय का कानूनी विभाग अब विद्यार्थियों को विशेष ज्यूडिशरी के लैक्चर भी प्रदान करेगा, जो विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने में काफ़ी सहयोगी साबित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार अभ्यास करने के लिए भी प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन.पी. कौशिक व प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने उपस्थित सभी विधार्थियों को बधाई दी। कानूनी अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष एडवोकेट नीरज तनेजा ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि ओएसजीयू अब विद्यार्थियों को ज्यूडिशरी की क्लास देकर ओर भी ज्यादा निपुण बनाने में सहयोग देगा। विभागाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि विद्यार्थी के हर एक संदेह को दूर किया जाएगा।

# बलमिया को बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड मिला

- अखिल भारतीय असैनिक सेवा संगीत, नृत्य एवं लघु नाटिका प्रतियोगिता में हिसार के शिक्षकों ने लहराया परचम
- हरियाणा की टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से जीता दिल



**हिसार।** शानदार प्रदर्शन करने वाली हरियाणा की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बिहार सचिवालय भारत फाउंडेशन, पटना द्वारा आयोजित अखिल भारतीय असैनिक सेवा संगीत, नृत्य एवं लघु नाट्य प्रतियोगिता में हरियाणा की ओर से भागीदारी करने वाले जिला हिसार के शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हिसार के शिक्षक सतीश कुमार बलमिया ने बेस्ट डायरेक्शन, अन्नू खनगवाल ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री तथा स्नेह लता ने बेस्ट चाइल्ड रोल अवार्ड जीता। हरियाणा की टीम द्वारा इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता सतीश कुमार बलमिया द्वारा लिखित एवं निर्देशित लघु नाटिका बलात्कार का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस प्रस्तुति ने 3 अवॉर्ड जीते तथा आयोजकों, निर्णायक मंडल और दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। नाटक ने समाज में व्याप्त संवेदनशील मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों में जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश मिला। उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट में हरियाणा के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार वेशभूषा में हरियाणवी संस्कृति की झलक पेश की और दर्शकों, आयोजकों व देश के विभिन्न प्रांतों से आए हुए प्रतिभागियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री हिसार की अन्नू खनगवाल ने स्टेज शो के दौरान धर्मेंद्र और अमिताभ स्टाइल में नृत्य करते हुए अपनी एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी।

#### इन्होंने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

इसके अतिरिक्त नाट्य मंचन में सतीश बलमिया, यशपाल मोर, सुनील प्रभाकर, अन्नू खनगवाल, डीपीई सतीश दलाल, स्नेह लता, सरोज नेहरा, नीतिका, मीना कुमारी, पूजा यादव, सोनू पीटीआई मय्यड़ नरेश पीटीआई मय्यड़, अश्वनी कुमार, दामोदर सिंह, रविंद्र साहू, शंकर चौधरी तथा लोक गायन में लोकेश शर्मा सहित कई प्रतिभावान कलाकारों ने अपने अभिनय व गायन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अपना महत्व : डॉ रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

राजकीय महाविद्यालय में रंगारंग उल्लास सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। प्राचार्य दलबीर गिल ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ प्रदान करके स्वागत किया। कार्यक्रम में मेरा नौ डांडी का बिजना लोक गीत पर विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य किया। इस गीत ने सबका मन मोह लिया। समूह नृत्य में ज्योति की टीम ने प्रथम स्थान और रिद्धि की टीम ने द्वितीय स्थान तथा शुभम की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य मे बी कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा खुशबु ने प्रथम स्थान और बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा स्नेहा ने द्वितीय स्थान तथा बी ए तृतीय वर्ष के छात्र शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ड्यूल डांस में स्नेहा व रिद्धि ने प्रथम स्थान और ज्योति व भतेरी ने द्वितीय स्थान तथा सूरजमुखी व प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन में बी एस सी तृतीय वर्ष की छात्रा सूरजमुखी ने प्रथम स्थान और बी ए द्वितीय वर्ष के छात्र विकास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी नीतू रानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### एकल नृत्य में खुशबू व गायन में सूरजमुखी ने मारी बाजी



**बरवाला।** दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य।

### स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधरोपण करके स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

- डीपीएस स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस पर दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




**हिसार।** डीपीएस में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता की भूमिका का निर्वहन सीबीएसई की प्रतिनिधियों गीतांजलि घोष और पूनम सक्सेना ने किया। स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस एक व्यापक विषय है जिसमें छात्रों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलू शामिल किए गए। कार्यशाला में शिक्षकों को विषय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य, स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद के महत्व के बारे में ,मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत छात्रों के तनाव, चिंता और अवसाद से निपटने के लिए रणनीतियां सिखाई गई और किस प्रकार उन्हें सकारात्मक आत्म-छवि विकसित करने में मदद की जा सकती हैं। कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों के सामाजिक स्वास्थ्य पर भी प्रकाश डालते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या ने भी मार्गदर्शन किया।



### खनक में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय नलवा में सांस्कृतिक कार्यक्रम खनक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंगाली महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. सरोज बिश्नोई और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित महावीर गुड्डू ने शिरकत की। कार्यक्रम में नृत्य, बांसुरी वादन एवं अन्य कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। नृत्य में प्रथम स्थान रीना, द्वितीय स्थान सोनू व तृतीय स्थान पूजा का रहा। रागिनी में प्रथम तिलकराज, द्वितीय आकाश तथा बांसुरीवादन में सुमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्यतिथियों, प्राचार्या कमलेश ढुहन व कॉलेज कौंसिल के सदस्यों ने दीप प्रवज्जलन करके किया। कार्यक्रम में महावीर गुड्डू ने विद्यार्थियों से कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संस्कार व संस्कारों से बेहतर इंसान का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करते हुए शिक्षा, शिक्षा और केवल शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने राजा नाहर सिंह पर एक देशभक्ति से परिपूर्ण गीत व उनके द्वारा गाई जाने वाली विशेष बंभ लहरी सुनाई।

### युवाओं को मिलेगा संसद में अपनी आवाज बुलंद करने का सुनहरा मौका

**हिसार।** 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए संसद में बोलने और अपनी विचारधारा रखने का सुनहरा अवसर आया है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसके लिए मंत्रालय और महाविद्यालय के बीच एक समझौता संपन्न हुआ है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और विकसित भारतः आपकी नज़र में क्या है? विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। प्राप्त वीडियो की पांच सदस्यीय समिति द्वारा जांच की जाएगी और 150 युवाओं का चयन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# महिलाओं को परिवार से मिला रहीं वीणा कुमारी

- 250 महिलाओं, बच्चियों व लोगों उनको घर तक पहुंचा चुकी है वीणा कुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** सम्मान प्राप्त करती समाजसेविका वीणा कुमारी। *फोटो: हरिभूमि*

शहर की एक महिला वीणा कुमारी जिन्होंने बिना कोई संस्था व संगठन के समाजसेवा का बीडा उठाया है। वह समाजसेवा के क्षेत्र में पिछले कई सालों से लगातार कार्य कर रही हैं खासकर परिवार से बिछुड़ी बालिकाओं व महिलाओं की उनके घर तक पहुचाने की जिमेदारी बखूबी से निभाती रही है। अब तक अपने परिवार से बिछुड़े ऐसे सैकड़ों लोगों को उनके घर तक पहंचा चुकी है और काफी संस्थाओं से सम्मानित भी हो चुकी है। एक समर्पित व्यक्तित्व हिसार के लिए वीणा की गौरव की बात है। उन्हें किसी की जरूरत नहीं होती खुद अकेली काम करती है खुद ही अपने से खर्च करती है न ही किसी से चंदा लेती अकेली अपने दम पर लोगों की सहायता करती है। कोरोना काल में काल में वीणा कार्य करके मिसाल बनी थी। वह समय -समय पर लोगों को भी प्रोत्साहित करतीं है।

#### पिछले अढ़ाई दशक से कर रही मदद

समाजसेविका एवं वर्मा न्यूज एजेंसी निर्देशिका वीणा कुमारी शहर पिछले 20- 25 वर्षों से घर बार से बिछुड़ी महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों के पुनर्वास और उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं और अभी तक गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश आदि दर्जनों राज्यों की सैकड़ों बेसहारों को जीवन की मुख्यधारा में आने के लिए अपना पूर्ण सहयोग कर चुकी हैं। वीणा बेसहारा, घर द्वार से बिछुड़ी महिलाओं व बच्चियों को अपने पास रखती हैं और उनकी सेवा सुरक्षा करके उनके घर का पता लगाकर अपने खर्चे पर व स्वयं साथ जाकर उनको घर छोड़ कर आती हैं और उनका ये पुनीत कार्य वर्तमान में भी निरंतर जारी है। उनके इन प्रयासों की विभिन्न संस्थाओं, महानुभावों और देश की जानी मानी हस्तियों द्वारा सराहना की गई है व उन्हें देश की जानी मानी संस्थाओं द्वारा समय समय पर सम्मानित भी किया गया है।

### पोर्टल खोलने की मांग

**बरवाला।** गांव बालक निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट व समाजसेवी नरेश गुणपाल ने राज्य सरकार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के लिए दोबारा फिर से आवेदन पोर्टल खोलने की मांग की है। उन्होने कहा कि आज भी गुजवि में दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से सत्र 2024-25 के ऑनलाईन प्रोग्रामों के ऑनलाईन दाखिले चल रहे हैं।



पीयूष
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं